Adda247



GET IT ON Google Play

1. इनमें से कौन सा शब्द सदैव एकवचन में ही प्रयुक्त होता है ?
(1) पानी
(2) आँसू
(3) प्राण
(4) हस्ताक्षर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
(1) पृथ्वी, अरहर, सभा
(2) आँख, नाक, कान
(3) नीम, कचनार, शीशम
(4) भीड़, टोली, दल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. निम्नलिखित में से किस शब्द का विभक्ति रहित रूप दोनों वचनों (एकवचन, बहुवचन) में एक ही रहता है ?
(1) बेटा
(2) नाना
(3) पोता
(4) भानजा
(5) अनुत्तरित प्रश्न



4. 'बच्चा आनंदपूर्वक सोता होगा ।' यह वाक्य किस काल का उदाहरण है ?
(1) सामान्य भविष्य
(2) संदिग्ध वर्तमान
(3) संभाव्य भविष्य
(4) संदिग्ध भूत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. 'वृत्ति' की दृष्टि से असंगत विकल्प कौन सा है ?
(1) सदैव सच बोलो । – आज्ञार्थ
(2) मुझे कल गाँव जाना पड़ेगा । – निश्चयार्थ
(3) यदि तुम पढ़ते तो पास हो जाते । – संकेतार्थ
(4) क्या तुम मेरा काम कर दोगे ? – इच्छार्थ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. निम्नलिखित में से मध्यम पुरुष का उदाहरण है :
(1) आप भला तो जग भला ।
(2) अपने से बड़ों का आदर करना उचित है ।
(3) आप क्या राय देते हैं ?
(4) मैं अपना खाना बना रहा हूँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. 'जब-जब अनावृष्टि हुई है, तब-तब अकाल पड़ा है ।' वाक्य में काल है –
(1) पूर्ण भूतकाल
(2) संभाव्य भूतकाल
(3) संदिग्ध भूतकाल
(4) आसन्न भूतकाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न



8. भाववाच्य का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है ?
(1) रोगी से अन्न नहीं खाया जाता है ।
(2) किसी से चुप नहीं रहा जाता ।
(3) लड़के से चला नहीं जाता ।
(4) यहाँ कैसे चला जाएगा ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है :
(1) राजा नगर में नहीं आए; इसलिए आनंद नहीं मनाया गया ।
(2) सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा ।
(3) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी ।
(4) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. 'सीता गा रही है ।' प्रस्तुत वाक्य में पक्ष है –
(1) आवृत्तिमूलक
(2) सातत्यबोधक
(3) पूर्णकालिक
(4) नित्यताबोधक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. निम्नलिखित में से किस विकल्प में कर्मवाच्य का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) चिट्ठी भेजी गई ।
(2) मुझसे यह बोझ न उठाया जाएगा ।
(3) यहाँ कैसे बैठा जाएगा ?
(4) कपड़ा सिया जाता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न





12. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य नहीं है :
(1) चाहे राम वहाँ जाए चाहे उसका भाई ।
(2) न उससे चलते बनता है न देखते ।
(3) या वह मंत्री है या कोई बड़ा नेता ।
(4) जितना माल तुम भेजोगे उतना हम भी भेजेंगे ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का उदाहरण है :
(1) संकटों ने उसे हर तरह से घेरा, किंतु वह निराश नहीं हुआ ।
(2) उसने उस पुस्तकालय को खरीदा, जो उसके मित्र का था ।
(3) जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए ।
(4) जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. 'सीढ़ी के सहारे मैं जहाज पर जा पहुँचा ।' वाक्य में उद्देश्य है –
(1) मैं
(2) के सहारे
(3) जा पहुँचा ।
(4) सीढ़ी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Scanned with OKEN Scanner

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

15. शुद्ध वाक्य चुनिए –

(1) आपने बड़ा अच्छा काम किया ।
(2) हम लोग परस्पर मित्र हैं ।
(3) उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की ।
(4) पुस्तक बहुत ही विद्वत्तापूर्वक लिखी गई है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. 'जो मैं तुम्हें पहले से जानता, तो तुम्हारा विश्वास नहीं करता ।' यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(1) आज्ञार्थक
(2) इच्छार्थक
(3) संकेतार्थक
(4) विधानार्थक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य नहीं है :

(1) इसका अधिकार भारत को नहीं है ।
(2) वह संतान को लेकर दुःखी है ।
(3) इस रोग के लिए कोई ईलाज नहीं है ।
(4) हमें भोग-विलास के लिए धन नष्ट नहीं करना चाहिए ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



18. अशुद्ध वाक्य है –

(1) मैंने उनकी बहुत प्रतीक्षा की ।
(2) वह अपराधी दण्ड पाने योग्य है ।
(3) मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता ।
(4) जंगली फल और झरनों का पानी पीकर हम आगे बढ़े ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. शुद्ध वाक्य है –

(1) प्रायः ये लोग कभी-कभी अनुपस्थित रहते थे ।
(2) साहित्य का अर्थ आजकल भिन्न रूप में लिया जा रहा है ।
(3) मेरे विचार से शायद काम जरूर हो जायेगा ।
(4) यह चीज सपने में भी मिलना दुर्लभ है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. शुद्ध वाक्य है –

(1) रोगी के पसीने की राशि बढ़ती गयी ।
(2) मैं सोमवार के दिन यहाँ पहुँच जाऊँगा ।
(3) आप अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहें ।
(4) शकुन्तला जल से पौधों को सींचती थी ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



21. किसी वाक्य में मनोविकार सूचित करने के लिए यदि प्रश्नवाचक शब्द आए, तो किस विरामचिह्न का प्रयोग होगा ?

(1) आश्चर्यचिह्न
(2) पूर्ण विराम
(3) अर्द्धविराम
(4) प्रश्नचिह्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. शुद्ध वाक्य है –

(1) हमारे हाथ में कुछ नहीं आया ।
(2) वह मन-ही-मन में सोचने लगा ।
(3) वह नदी से पानी भरने गयी है ।
(4) मैंने उसे बैठने की कुर्सी दी ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. अशुद्ध वाक्य है –

(1) मैं वहाँ एक पुराने मित्र को मिला ।
(2) श्याम के हाथ भेज देना ।
(3) आज फिर तुम इतनी देर में आये ।
(4) सब को नमस्ते ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



24. क्रिया की मूल धातु के साथ आई प्रेरणार्थक क्रियाओं के बीच में किस विरामचिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(1) अर्द्धविराम
(2) योजक चिह्न
(3) निर्देशक चिह्न
(4) अल्पविराम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. निम्नलिखित में से किस वाक्य में प्रश्नचिह्न का सही प्रयोग हुआ है ?

(1) वह नहीं जानता कि तुम कौन हो ?
(2) अभी तक पता नहीं चला कि शत्रु कहाँ है ?
(3) वह ऐसा क्यों कहता था कि हम वहाँ न जाएँगे ?
(4) न जाने अब क्या होगा ?
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. किस वाक्य में सभी विरामचिह्नों का उचित प्रयोग हुआ है ?

(1) उसने पूछा कि, 'वह कहाँ है ?'
(2) वाह ! यह भी कोई बात है ?
(3) साहित्य के दो भाग हैं ; गद्य और पद्य ।
(4) 'हिन्दुस्तान' में उनकी कविता प्रकाशित हुई है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner
Adda247 Telegram Channel
Adda247 Instagram

Adda247

GET IT ON Google Play

**27.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में मुहावरे का निहितार्थ सही नहीं है ?

(1) अंधेर छाना – शोक छाना

(2) अंधेर मचना – गड़बड़ी होना

(3) अंधेरे में रखना – ठीक स्थिति न बताना

(4) अंधेर करना – अन्याय करना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**28.** 'घोड़े का रोग बंदर के सिर पड़ना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) विपरीत काम करना ।

(2) व्यक्ति की हालत में परिवर्तन करना ।

(3) दुविधा में डालना ।

(4) किसी का दोष किसी दूसरे पर आना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में विरामचिह्नों का असंगत प्रयोग हुआ है ?

(1) लो, मैं यह चला ।

(2) क्या इतनी छोटी बात आपकी समझ में नहीं आती !

(3) क्रोध; चाहे जैसा भी हो; मनुष्य को दुर्बल बनाता है ।

(4) लड़के ने कहा कि मैं अभी आता हूँ ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** 'ऊसर में बीज बोना' मुहावरे का निहितार्थ है –

(1) निष्फल काम करना ।

(2) व्यर्थ बातें करना ।

(3) अनमेल काम करना ।

(4) केवल दिखावे के लिए कुछ करना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31.** 'चूल्हे आग न घड़े पानी' लोकोक्ति का निहितार्थ है –

(1) बहुत ही दीन दशा ।

(2) विपत्ति-पर-विपत्ति आना ।

(3) अवसर खो देना ।

(4) मूर्खतापूर्ण काम करना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** किस विकल्प में मुहावरा और तत्संबंधी आशय सुमेलित नहीं हैं ?

(1) हलका करना – बेइज्जत करना

(2) जबान के नीचे जबान रखना – दो तरह की बातें कहना

(3) घड़ी तोला घड़ी माशा करना – आनाकानी करना

(4) आईने में मुँह देखना – अपनी योग्यता देखना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** 'मुहावरा और उसका अर्थ' की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) चिड़िया का दूध – असंभव वस्तु

(2) चिकना देख फिसल पड़ना – साधारण लाभ देखकर अपना नैतिक पतन करना

(3) चाँदी कटना – आराम से दिन बीतना

(4) चिउंटे की गिरह पेट में होना – बहुत कंजूस होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न





**34.** लोकोक्ति और उसके अर्थ की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(1) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी – झगड़े की जड़ को ही नष्ट कर देना ।

(2) न आगे नाथ न पीछे पगहा – संसार में अकेला होना ।

(3) न उधो का लेना, न माधो का देना – कर्ज मुक्त होना ।

(4) न तीन में, न तेरह में – अत्यन्त तुच्छ और नगण्य व्यक्ति ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में लोकोक्ति का निहितार्थ असंगत है ?

(1) तेल देखो तेल की धार देखो – बहुत सोच-विचार कर काम करना ।

(2) उलटे बाँस बरेली को – किसी को उसी की युक्ति से बेवकूफ बनाना ।

(3) चोर के घर मोर – अपने ही व्यक्ति द्वारा धोखा देना ।

(4) तिनके की ओट पहाड़ – थोड़े सहारे से बड़ा काम होना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36.** 'कान छिदावै सो गुड़ खावे' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) काम करने से ही आता है ।

(2) कपटपूर्ण व्यवहार करना ।

(3) जो कष्ट उठाएगा, उसी को सुख मिलेगा ।

(4) मूर्ख को कुछ नहीं मिलता ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37.** 'Exigency' पारिभाषिक का हिंदी समानार्थक है –

(1) प्रदर्शित करना

(2) अनुकरणीय व्यवहार

(3) अधिशासी आदेश

(4) तात्कालिक आवश्यकता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**38.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में लोकोक्ति का निकटतम अर्थ सही है ?

(1) बांबी में हाथ तू डाल, मंत्र मैं पढ़ूँ – कहना बहुत, करना थोड़ा ।

(2) मोहरों की लूट कोयलों पर छाप – समय के अनुकूल काम न करना ।

(3) डेढ़ पाव आटा पुल पर रसोई – मूल्य से अधिक व्यय करना ।

(4) बत्तीस दाँत में जीभ – शत्रुओं से घिरा रहना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39.** निम्नलिखित में से संगत विकल्प है :

(1) Synthesis – संश्लिष्ट

(2) Synthetic – संश्लेषण

(3) Synchronise – समकालन

(4) Symposium – परिसंवाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न





Scanned with OKEN Scanner

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

GET IT ON Google Play

**40.** निम्नलिखित में से असंगत विकल्प है :

(1) Contamination – संदूषण

(2) Contemporary – समकालीन

(3) Construe – प्रलक्षित

(4) Contain – समाविष्ट करना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** पारिभाषिक शब्दावली की दृष्टि से सुमेलित नहीं है –

(1) Revision – परिशोधन

(2) Rider – प्रतिसंहरण

(3) Reverted – प्रत्यावर्तित

(4) Review – पुनर्विलोकन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** 'Privilege' का हिंदी पारिभाषिक है –

(1) अनधिकार

(2) एकाधिकार

(3) सर्वाधिकार

(4) विशेषाधिकार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** पारिभाषिक शब्दों की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) Legal – वैध

(2) Juvenile Convict – किशोर न्यायालय

(3) Undersigned – अधोहस्ताक्षरी

(4) Arbitration – विवाचन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44.** 'Condemned' का हिंदी पारिभाषिक अर्थ नहीं है –

(1) अनुपयोगी

(2) निन्दित

(3) आरोपित

(4) सिद्ध दोष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45.** 'Judicious' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है –

(1) न्यायसम्मत

(2) विधिवेत्ता

(3) विवेक

(4) अधिकारिता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46.** इनमें से 'Render' का समतुल्य हिंदी पारिभाषिक शब्द नहीं है –

(1) प्रदर्शित करना

(2) अर्पित करना

(3) रूपांतर करना

(4) नवीनीकरण करना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47.** निम्नलिखित में से 'Visitor' का अर्थ नहीं है :

(1) परिदर्शन

(2) कुलाध्यक्ष

(3) परिदर्शक

(4) आगंतुक

(5) अनुत्तरित प्रश्न



**48.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में त्रुटिपूर्ण संधि-विच्छेद है ?

(1) पित्रादेश = पितृ + आदेश

(2) अन्वय = अनु + अय

(3) तथैव = तथा + एव

(4) प्रतिष्ठा = प्रति + स्था

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49.** किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है ?

(1) महौदार्य = महा + औदार्य

(2) मतैक्य = मत + एक्य

(3) इत्यादि = इति + आदि

(4) महैश्वर्य = महा + ऐश्वर्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**50.** संधि की दृष्टि से त्रुटिरहित शब्द है –

(1) षट् + मुख = षन्मुख

(2) दंत + ओष्ठ = दंतोष्ठ

(3) मातृ + आज्ञा = मात्रज्ञा

(4) सत् + मति = सन्मति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**51.** संधि की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही है ?

(1) पितृ + ऋण = पित्रिण

(2) प्र + मान = प्रमाण

(3) अति + उत्तम = अत्यूत्तम

(4) परि + छेद = परिछेद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**52.** निम्नलिखित में से एकाधिक उपसर्गों से निर्मित शब्द है :

(1) परिष्कार

(2) परिशिष्ट

(3) परिताप

(4) परिसंख्या

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**53.** किस समूह में उपसर्ग और उससे निर्मित सभी शब्द सुमेलित हैं ?

(1) आ – आकस्मिक, आकार, आकाश

(2) निर् – निरस्त, निरुद्ध, निरीक्षण

(3) वि – वैवाहिक, विवश, विवाद

(4) सु – स्वागत, स्वस्ति, स्वाति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**54.** निम्नलिखित में से किस सामासिक पद का विग्रह त्रुटिपूर्ण है ?

(1) गृहागत – गृह को आगत

(2) कामचोर – काम के लिए चोर

(3) कृष्णार्पण – कृष्ण के लिए अर्पण

(4) लोकोत्तर – लोक से उत्तर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**55.** निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है :

(1) घर-घर

(2) घर-द्वार

(3) लूटमार

(4) इकतीस

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247
GET IT ON Google Play

56. तत्सम-तद्भव शब्दों का कौन सा जोड़ा असंगत है ?
(1) कास – खाँसी
(2) गर्त – गधा
(3) गोमय – गोबर
(4) अष्टादश – अठारह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) कुमुद, कपास, कुंभ
(2) कांचन, कारागार, कातर
(3) केवट, कैवल्य, केसर
(4) कोटर, किंशुक, कंगन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. निम्नलिखित में से 'नी' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है :
(1) सुंघनी
(2) चटनी
(3) महाजनी
(4) कतरनी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. शब्द और प्रत्यय का कौन सा जोड़ा सुसंगत है ?
(1) अकेला – एला
(2) नकेल – ल
(3) कोठरी – ई
(4) डोरी – री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. निम्नलिखित में से देशज शब्द है :
(1) ठेठ
(2) हाट
(3) हाँडी
(4) खार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. किस विकल्प में विदेशी शब्द नहीं है ?
(1) चादर
(2) कुश्ती
(3) पुल
(4) सौत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है :
(1) शाक
(2) वानर
(3) शाप
(4) लाख
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द तद्भव हैं ?
(1) मुख, मोती, मोर
(2) राख, रोदन, पहर
(3) पलास, रोली, पंथ
(4) मास, मिट्टी, मिर्च
(5) अनुत्तरित प्रश्न




64. किस समूह में सभी शब्द जातिवाचक संज्ञाएँ हैं ?
(1) पशु, फल, लोभ
(2) बच्चा, गुरु, बन्धु
(3) व्यक्ति, एकता, प्यास
(4) नदी, नगर, आपा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. निम्नलिखित में से किस वाक्य में निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?
(1) यह नया काम नहीं है।
(2) उसने कुछ नहीं खाया।
(3) कोई उसे बुला रहा है।
(4) ऐसा न हो कि कोई आ जाए।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. किस विकल्प के सभी शब्द विदेशी शब्द हैं ?
(1) गुलाब, शोर, थप्पड़
(2) आवारा, मालूम, झंझट
(3) चेहरा, मेहमान, देहात
(4) ईमान, आमदनी, ठोकर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द जातिवाचक संज्ञा से निर्मित भाववाचक संज्ञा हैं ?
(1) सजावट, मिठास, निजत्व
(2) मित्रता, दासत्व, लड़कपन
(3) सामीप्य, दौड़, पंडिताई
(4) दूरी, गर्मी, बुढ़ापा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. निम्नलिखित में से किस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) उसने बहुत परिश्रम किया।
(2) कोई आदमी आया है।
(3) इनसे कुछ लाभ नहीं।
(4) लड़के ने सारी सम्पत्ति उड़ा दी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. निम्नलिखित में से प्रेरणार्थक क्रिया युक्त वाक्य है :
(1) सिपाही ने कई लड़ाइयाँ लड़ीं।
(2) पक्षी अनोखी बोली बोलते हैं।
(3) मैंने सोहन को चोर समझा।
(4) लड़के ने कपड़ा सिलवाया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) मैं अपने को सुधार रहा हूँ।
(2) हम अपने-आपको भूल गए।
(3) मैं आप वहीं से आया हूँ।
(4) इस विषय में आप लोगों की क्या राय है ?
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. क्रिया से निर्मित विशेषण है –
(1) पुष्पित
(2) विषैला
(3) तुम्हारा
(4) भगोड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न




Scanned with OKEN Scanner
Adda247 Telegram Channel
Adda247 Instagram

Adda247

GET IT ON Google Play

72. किस वाक्य में संबंधबोधक अव्यय नहीं है ?
(1) बच्चा बाहर सो रहा है।
(2) आकाश की ओर क्या देख रहे हो ?
(3) मोहन घर के बाहर है।
(4) धन के बिना काम नहीं चलता।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. इनमें से संबोधनद्योतक विस्मयादिबोधक अव्यय कौन सा नहीं है ?
(1) अजी !
(2) अरी !
(3) हे !
(4) हट !
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है ?
(1) आप मेरे मित्र ठहरे।
(2) ये चीजें हमारा जी ललचाती हैं।
(3) मैं घड़ा भर रहा हूँ।
(4) वह अपना सिर खुजलाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. रीतिवाचक क्रिया-विशेषण का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है ?
(1) मैं आपकी बातें ध्यानपूर्वक सुन रहा हूँ।
(2) वह बहुत थक गया था।
(3) वह वहाँ भलीभाँति रह रहा है।
(4) लड़का तेजी से दौड़ा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न



76. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?
(1) निशाकर, निशिनाथ, निशीथ
(2) पंख, पाँख, पंखी
(3) कलापी, कोकिल, कोइला
(4) पतंग, मिहिर, सविता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. परस्पर पर्याय की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण विकल्प है –
(1) लक्ष्मी, पद्मा, इंदिरा
(2) विद्वान्, कोविद, विचक्षण
(3) क्षमा, तितिक्षा, अमर्ष
(4) इच्छा, स्पृहा, ईप्सा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) मोहन रातभर जागता रहा।
(2) राम ने पुस्तक खरीदी थी।
(3) मैं देर तक वहाँ रुका रहा।
(4) उसने अपने भाई तक को नहीं बुलाया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. निम्नलिखित में से 'भिक्षा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :
(1) याचना
(2) भुक्ति
(3) मधुकरी
(4) भीख
(5) अनुत्तरित प्रश्न



80. निम्नलिखित में से 'हत' का विलोम है :
(1) निहत
(2) विहत
(3) प्रहत
(4) अहत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. विलोम शब्दों की दृष्टि से सही विकल्प कौन सा है ?
(1) भ्रांत – विभ्रांत
(2) रूक्ष – मसृण
(3) प्रफुल्ल – उत्फुल्ल
(4) आमिष – सामिष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विपरीतार्थी शब्द हैं ?
(1) नवीन – अर्वाचीन
(2) शाश्वत – अनश्वर
(3) अमित – परिमित
(4) सम्मुख – उन्मुख
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. इनमें से कौन सा विलोम-युग्म असंगत है ?
(1) सुकर – दुष्कर
(2) डरपोक – भीरु
(3) चिंतित – निश्चिंत
(4) जंगम – स्थावर
(5) अनुत्तरित प्रश्न



84. वाक्यांश के स्थान पर प्रयुक्त एक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है –
(1) जिसे पार करना कठिन हो – दुर्भेद्य
(2) बिना पलकें गिराये देखना – निर्निमेष
(3) जो ममता से रहित हो – निर्मम
(4) शीघ्र प्रसन्न होने वाला – आशुतोष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?
(1) दूसरों पर आश्रित रहने वाला – अन्योन्याश्रित
(2) रास्ते में खर्च के लिए रखा धन – पाथेय
(3) अपने स्थान से न हटने वाला – अच्युत
(4) लौटकर पीछे आना – परावर्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. 'समय पर जिसकी बुद्धि ठीक कार्य करे', वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है –
(1) बुद्धिजीवी
(2) सुमति
(3) प्रत्युत्पन्नमति
(4) स्थितप्रज्ञ
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 Telegram Channel
Adda247 Instagram

Adda247

GET IT ON Google Play

87. निम्नलिखित में से किस विकल्प में समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का क्रमशः संगत अर्थ नहीं है ?

(1) टुक-टूक = टुकड़ा – थोड़ा

(2) कुट-कूट = किला – पहाड़ की चोटी

(3) कृति-कृती = रचना – निपुण

(4) चतुष्पद-चतुष्पथ = चौपाया – चौराहा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. 'अद्य-आद्य' समश्रुत शब्दों का क्रमशः सुसंगत अर्थ-भेद है –

(1) प्रथम – आज

(2) इस दिन – आधा

(3) आधा – इस दिन

(4) आज – प्रथम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. किस विकल्प में समश्रुत शब्दों का अर्थ-भेद क्रमशः सुमेलित नहीं है ?

(1) पतन-पत्तन = बंदरगाह-गिरना

(2) कृत-क्रीत = किया हुआ-खरीदा हुआ

(3) गण-गण्य = समूह-गिनने योग्य

(4) पुष्कल-पुष्कर = पर्याप्त-सरोवर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द अशुद्ध हैं ?

(1) मरिचिका, महिना

(2) आगामी, अहल्या

(3) प्रदर्शिनी, विभीषिका

(4) फिटकरी, बादाम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. शुद्ध शब्द है –

(1) निरलम्ब

(2) पुरुस्कार

(3) अतएव

(4) दुरावस्था

(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) याज्ञवल्क्य, ऊधम

(2) धनाढ्य, सीधासाधा

(3) ओद्यौगिक, संग्रहीत

(4) यथाविध, अक्षुण्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) स्वादिष्ट, अट्टहास, पृष्ट, गरिष्ठ

(2) अट्टहास, पृष्ट, गरिष्ट, स्वादिष्ट

(3) पृष्ठ, गरिष्ठ, स्वादिष्ठ, अट्ठहास

(4) गरिष्ट, स्वादिष्ट, अट्ठहास, पृष्ठ

(5) अनुत्तरित प्रश्न





94. अशुद्ध शब्द है –

(1) उषा

(2) हितेषी

(3) पुरुष

(4) ओषधि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. शुद्ध शब्द है –

(1) आद्रता

(2) सौहार्द

(3) श्रृंखला

(4) पुर्नजन्म

(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. अशुद्ध शब्द है –

(1) ध्यातव्य

(2) महात्म्य

(3) उपलक्ष्य

(4) स्वास्थ्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. निम्नांकित में अशुद्ध शब्द है :

(1) चर्मोत्कर्ष

(2) गण्यमान्य

(3) तदनंतर

(4) धराशायी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द नित्य पुल्लिंग हैं ?

(1) संतान, बटेर

(2) सवारी, चील

(3) जोंक, चीता

(4) पक्षी, खटमल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. किस वाक्य में 'से' परसर्ग अपादान कारक में प्रयुक्त नहीं हुआ है ?

(1) मेरी बात ध्यान से सुनो ।

(2) मुझसे बढ़कर परिश्रमी कौन होगा ।

(3) कोयला खदान से निकाला जाता है ।

(4) आत्मा देह से भिन्न है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. निम्नलिखित में से किस विकल्प में परसर्ग का त्रुटिपूर्ण प्रयोग है ?

(1) वह मुझ से क्रुद्ध है ।

(2) वह कहीं काम से जाता है ।

(3) उसे रस्सी से बाँधकर ले गए ।

(4) मैंने राम से पूछा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न





Scanned with OKEN Scanner

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram